**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1108**

**03 दिसम्बर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**मुफ्त में कोविड का टीका देना**

**1108. श्री राजेन्द्र अग्रवाल:**
**श्री कृष्णपालसिंह यादव:**
**श्री फ़िरोज़ वरुण गांधी:**
**श्री राजबहादुर सिंह:**
**श्री पी.पी. चौधरी:**
**श्री प्रताप चंद्र पडड्गी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजस्थान सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों / जिला-वार कोविड के कुल कितने टीके मुफ्त मे दिए गए हैं;

(ख) ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मुफ्त में दिए गए टीकों का अलग-अलग ब्यौरा क्या है और ग्रामीण क्षेत्रों में लिंग-वार अलग-अलग ब्यौरा क्या है;

(ग) दिये गए कुल टीकों की तुलना में कितने प्रतिशत टीके मुफ्त में दिए गए हैं;

(घ) मुफ्त टीकाकरण पर कुल कितनी निधि व्यय की गई और ईंधन पर अलग-अलग व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा टीकाकरण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और अनिच्छा को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ग): कोविड-19 वैक्सीन सभी सरकारी कोविड-19 टीकाकरण केंद्रों (सीवीसी) में देश के 18 वर्ष की आयु और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को उनकी सामाजिक -आर्थिक स्थिति पर ध्यान दिए बिना नि:शुल्क उपलब्ध है। सरकारी और निजी सीवीसी में टीकाकरण कवरेज के आंकडों के अनुसार 1 मई, 2001 से 30 नवम्बर, 2021 तक 1,03,12,19,459 (96%) वैक्सीन की खुराक सरकारी कोविड-19 टीकाकरण केंद्रों (सीवीसी) में लगाई गई हैं। सरकारी सीवीसी में लगाई गई वैक्सीन का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा अनुलग्नक -1में संलग्न है।

1 अप्रैल, 2021 से 30 नवम्बर, 2021 तक प्रमीण क्षेत्रों में स्थित सीवीसी में कुल 75,20,35,586 (68%) वैकसीन खुराकें दी गई हैं जबकी शहरी क्षेत्रों में स्थित सीवीसी में 35,29,98,471 (32%) वैक्सीन खुराकें दी गई हैं।

दिनांक 30 नवम्बर, 2021 तक, पुरूष आबादी को कुल 63,39,45,173 (51%) वैक्सीन खुराकें दी गई हैं और महिलाओं को 60,09,00,639 (49%) खुराकें दी गई हैं ।

(घ): चालू वित्त वर्ष अर्थात 2021-22 में, कोविड -19 टीकाकरण कार्यक्रम के प्रापण हेतु 35,000 करोड रूपए का बजट दिया गया है। दिनांक 27 नवम्बर, 2021 तक की स्थिति के अनुसार, इस आवंटन में से 19,675.46 करोड रू. का व्यय किया गया है। जिसे राज्य / संघ राज्य क्षेत्रों को नि:शुल्क लागत आपूर्ति हेतु कोविड-19 वैक्सीन के प्रापण के लिए उपयोग किया गया है । ईंधन के लिए कोई पृथक व्यय आवंटित नहीं किया गया है।

(ङ): कोविड- 19 वैक्सीन की सुरक्षा और प्रभावित, वैक्सीन लगवाने में झिझक को दूर करने और वैक्सीन पर सतत विश्वास के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए संचार नीति मौजूद है जो सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही है। संचार नीति की कुछ महत्वपूर्ण कार्यवाहियों में निम्नलिखित शामिल हैं- आम जनता और स्वास्थ्य परिचर्या एवं फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के लिए एफएक्यू तैयार किया गया है और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

की वेबसाइट (https://www.mohfw.gov.in/pdf/FAQsforHCWs&FLWs.pdf) पर अपलोड है। मीडिया चैनलों, रेडियों जॉकी इत्यादि को कोविड- 19 टीकाकरण के संबंध में सही सूचना देने के बारे में उन्मूख किया गया है; वैक्सीन पर विश्वास निर्मित करने हेतु अभिज्ञात विशेषज्ञों द्वारा सेशन एड और लेख प्रकाशित किए गए है; सही और तथ्यपरक सूचना प्रदान करने के लिए मुख्य विशेषज्ञों द्वारा तथ्य जांच वीडियों का प्रसार लिया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को गलतफहमियां दूर करने और सतत वैक्सीन विश्वास हेतु आम लोगों को स्पष्ट, संगत, पारदर्शी और तथ्यपरक सूचना देने का परामर्श दिया है।

----

*अनुलग्नक 1*

**सरकारी सीवीसी में कोविड-19 वैक्सीन प्रशासन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

( 1 से सैंट मई 2021 से 30 वीं नवंबर 2021)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सरकार द्वारा प्रशासित वैक्सीन खुराक। सीवीसी |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 4,39,731 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 5,13,94,541 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 11,60,114 |
| 4 | असम | 3,03,67,866 |
| 5 | बिहार | 7,39,56,075 |
| 6 | चंडीगढ़ | 12,82,618 |
| 7 | छत्तीसगढ | 1,95,40,668 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 5,58,648 |
| 9 | दमन और दीव | 4,40,557 |
| 10 | दिल्ली | 1,75,09,786 |
| 1 1 | गोवा | 19,03,131 |
| 12 | गुजरात | 6,69,35,882 |
| 13 | हरियाणा | 2,30,92,458 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 90,09,803 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 1,40,79,260 |
| 16 | झारखंड | 2,06,65,425 |
| 17 | कर्नाटक | 5,84,03,624 |
| 18 | केरल | 3,22,85,628 |
| 19 | लद्दाख | 2,72,001 |
| 20 | लक्षद्वीप | 79,664 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 7,72,78,891 |
| 22 | महाराष्ट्र | 8,37,94,676 |
| 23 | मणिपुर | 18,96,106 |
| 24 | मेघालय | 16,67,906 |
| 25 | मिजोरम | 10,22,713 |
| 26 | नगालैंड | 10,77,147 |

| | | |
|---|---|---|
| 27 | उड़ीसा | 3,67,48,912 |
| 28 | पुदुचेरी | 10,27,701 |
| 29 | पंजाब | 2,01,88,529 |
| 30 | राजस्थान Rajasthan | 5,38,58,282 |
| 31 | सिक्किम | 7,49,059 |
| 32 | तमिलनाडु | 6,10,57,797 |
| 33 | तेलंगाना | 2,96,02,802 |
| 34 | त्रिपुरा | 32,49,356 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 14,73,02,931 |
| 36 | उत्तराखंड | 1,02,39,803 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 7,70,79,368 |
| | **कुल** | **1,03,12,19,459** |

*सरकार और निजी CVCs बुद्धिमान डेटा 1 से बनाए रखा सेंट मई 2021*